।। कार्यालय प्राचार्य कारागार प्रशिक्षण संस्थान, अजमेर।।

//Office of the Principal Jail Training Institute, Ajmer//
Email- jail-trg-rj@nic.in/Fax no.:- 0145-2787173

क्रमांकः स्टोर/2019/ 1902-08 दिनांक :– 15/07/2019

–:निविदा/उपापन विज्ञप्तिः–

इस संस्थान में वित्तीय वर्ष 2019–20 की अवशिष्ठ अवधि हेतु पेयजल के लिये दर संविदा की जानी है। जिस हेतु ऐसे पेयजल सप्लायर्स जो टैंकरों के माध्यम से संस्थान को पानी सप्लाई करने में सक्षम हो वे अपनी निविदत्त दरें प्रस्तुत कर सकते है। अपेक्षित क्रय विवरण निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम	स्पेसिफिकेशन	अनुमानित मात्रा
1.	पेयजल	पेयजल जिसकी सप्लाई टैंकरों (लगभग 5000 लीटर क्षमता) के माध्यम से संस्थान के स्टोरेज वाटर– टैंको में करनी होगी।	वित्तीय वर्ष 2019–20 की अवशिष्ठ अवधि में संस्थान की आवश्यकतानुरूप (जब जितनी आवश्यकता हो)

उक्त सामग्री इस संस्थान को उपलब्ध कराने के इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदाए सील बन्द लिफाफे में दिनांक 22.07.2019 को प्रातः 11:00 बजे तक संस्थान के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदाए दिनांक 22.07.2019 को प्रातः 11:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष संस्थान कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निविदा/उपापन निम्न शर्तो के अध्यधीन होगाः–

1. निविदाए लिखित रूप से प्रस्तुत की जायेगी।
2. पेयजल लगभग 5000 लीटर के क्षमता वाले टैंकर के माध्यम से सप्लाई करना होगा।
3. सप्लाई किया जाने वाला पेयजल स्वच्छ एवं साफ होना चाहिये। गन्दा अथवा दूषित जल स्वीकार नही किया जायेगा।
4. संस्थान को जब जितने टैंकरों की आवश्यकता होगी उसी के अनुरूप संस्थान को पेयजल की सप्लाई की जानी अनिवार्य है। संस्थान को आवश्यकता नही होने की स्थिति में पेयजल संबंधी कोई सप्लाई ऑर्डर नही दिया जायेगा।
5. पेयजल सप्लाई हेतु आदेश डिलीवर होने के तीन घन्टे के भीतर सप्लाई की जानी अनिवार्य है।
6. यह निविदा वित्तीय वर्ष 2019–20 की अवशिष्ठ अवधि के लिये मान्य होगी तथा संस्थान की आवश्यकता अनुरूप इस अवधि को नियमानुसार विस्तारित भी किया जा सकता है।
7. भुगतान कोषालय में माध्यम से सफल निविदा दाता के बैंक खाते में ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा, जिस हेतु, फर्म की ओर से समस्त आवश्यक सूचना मय दस्तावेज (बैंक खाता विवरण/पैन कार्ड/मोबाइल नम्बर आदि) संस्थान को उपलब्ध कराने होगें। यदि किसी तकनीकी कारण से ऑन लाईन भुगतान संभव नही हो पाता हैं तो भुगतान बैंकर चैक/डी0डी0 के माध्यम से किया जायेगा जिसके बैंक चार्जेज फर्म को ही वहन करने होगें।
8. देय भुगतान राशि में से राज्य/केन्द्र सरकार के नियम अनुरूप समस्त विधि मान्य करो/अधिभारों/आयकर आदि की नियमानुसार कटौती संस्थान स्तर से की जायेगी।
9. निविदा अन्तर्गत दी जाने वाली दरे समस्त शुल्क/प्रभार/चुंगी आदि सहित दी जायेगी।

20 JUL 2019
Date.........
Directorate General
Prisons, Rajasthan, Jaipur

DGP	
ADGP	
IGP	
DY. IGP	
Supervising Officer	

10. उक्त उपापन/निविदा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम/नियम तथा सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अध्यधीन होगी तथा उक्त नियमो के प्रावधान आवश्यक रूप से लागू होगें।
11. इच्छुक निविदादाता निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व अपने स्तर पर आवश्यकरूप से यह सुनिश्चित कर ले कि विधिक रूप से वह पेयजल सप्लाई के कानूनी हकदार है। इस संबंध में भविष्य में विधिक रूप से असक्षम पाये जाने पर वे व्यक्तिशः उत्तरदायी होंगे।
12. इच्छुक निविदा दाताओं द्वारा अपनी दरें लिखित रूप से इस संस्थान में उक्त नियत तिथि/समय तक प्रस्तुत कर सकते है।
13. उक्त क्रय किये जाने वाले पेयजल हेतु अनुमानित कीमत 1.99 लाख (सम्पूर्ण दर संविदा अवधि हेतु) है।
14. यदि इस संस्थान को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रस्तावित नवीन दो इंच कनेक्शन अथवा उनके टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त जलापूर्ति प्राप्त हो जाती है, तो ऐसी स्थिति में उक्त दर संविदा स्वतः समाप्त मानी जायेगी अथवा दर संविदा की अनुमोदित दरों पर केवल संस्थान को आवश्यकता होने पर ही पानी का क्रय किया जायेगा अन्यथा कोई क्रय नही किया जायेगा।
15. सप्लाई किया जाने वाला पानी निर्धारित मानको के अनुरूप पीने योग्य होना चाहियें।

आहरण एवं वितरण अधिकारी
कारागार प्रशिक्षण संस्थान,
अजमेर

प्रतिलिपि–

1. डोई वाटर सप्लायर्स, कांकरिया, अजमेर ।
2. सत्यनारायण गुर्जर वाटर सप्लायर्स, कांकरिया, भुणाबाय, अजमेर।
3. गुर्जर वाटर सप्लायर्स, जयपुर रोड, घूघरा, अजमेर।
4. नोटिस बोर्ड संस्थान कार्यालय अजमेर।
5. प्रभारी, आवक–जावक शाखा को प्रेषित कर लेख है कि वे विज्ञप्ति को SPPP पोर्टल पर अपलोड करे।
6. प्रभारी नियंत्रण कक्ष, महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर को प्रेषित (द्वारा ई–मेल) कर निवेदन है कि मुख्यालय की वेबसाइट पर उक्त निविदा विज्ञप्ति को प्रदर्शित करवाने की कृपा करावे।

आहरण एवं वितरण अधिकारी
कारागार प्रशिक्षण संस्थान,
अजमेर